University in News on 19 January 2025

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू कजाकिस्तान में ऑफ कैंपस खोलने की तैयारी में

प्रस्ताव ■ अलमाटी प्रबंधन विवि संग की गई प्रस्ताव पर चर्चा

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने कजाकिस्तान में ऑफ कैंपस खोलने का प्रस्ताव दिया है। जहां मुख्य रूप से प्रबंधन से जुड़े पाठ्यक्रमों को शुरू करने की तैयारी है। जिसमें एमबीए, बीबीए और अन्य पाठ्यक्रम शामिल हैं।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अगुवाई में कजाकिस्तान गए प्रतिनिधि मंडल ने वहां अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय की वाइस रेक्टर शोलपन तजाबेक के साथ चर्चा की। कुलपति प्रोफेसर राय ने कजाकिस्तान में शिक्षा, पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी में अंतर परिसर गतिशीलता, संबंधित उद्यमिता में विश्व स्तरीय व्यावसायिक वातावरण और बेहतर रणनीतिक योजनाओं पर चर्चा की।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि परिसर की स्थापना दोनों देशों व संस्थाओं के सक्षम अधिकरण से जरूरी अनुमोदन और मंजूरी के अधीन है। प्रस्तावित परिसर में एमबीए, बीबीए समेत प्रबंधन विज्ञान में कई कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को बेहतर इंटर्नशिप के अवसर देने में मदद मिलेगी। परिसर को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के साथ विश्व स्तरीय शिक्षा का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। इस शैक्षणिक साझेदारी के जरिए दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग को भी मजबूती मिलेगी।

इन पाठ्यक्रमों की अधिक मांग

कुलपति प्रो. आलोक राय का कहना है कि मध्य एशिया में बिजनेस एनालिटिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन व आतिथ्य, ऊर्जा अध्ययन और क्रॉस कल्चरल कम्युनिकेशन के पाठ्यक्रमों की अधिक मांग है। इसके अलावा मध्य एशियाई बाजार और कारोबारी माहौल में भारत की उद्यमशीलता की खोज में छात्रों के लिए इंटर्नशिप की संभावनाएं हैं।

दो शोधार्थियों को लाखों की ग्रांट मिली

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के दो शोधार्थियों को रिसर्च के लिए लाखों रुपए की ग्रांट प्रदान की गई है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) की ओर से पीएचडी छात्रा नित्या गुप्ता और संदीप देसवाल को शोध अनुदान मिला है। प्रोफेसर मनोज अग्रवाल ने बताया इस बाबत जानकारी दी।

एलयू: सहायक कुलसचिव का पदभार संभाला

लखनऊ। एलयू में शनिवार को सहायक कुलसचिव के पद पर हरिओम कुमार ने पदभार संभाल लिया है। इस संबंध में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सूचना जारी कर बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की ओर से 13 जनवरी को हरिओम का कानपुर विश्वविद्यालय से लखनऊ विश्वविद्यालय में तैनाती का आदेश जारी किया गया था। जिसके मद्देनजर सहायक कुलसचिव ने कार्यभार ग्रहण किया।

TOI PAGE 3

LU floats proposal to establish campus in Kazakhstan

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: A delegation from Lucknow University proposed the establishment of its campus in Kazakhstan during a roundtable discussion with representatives from Almaty Management University in Almaty on Saturday. University officials suggested setting up a LU campus in Almaty, Kazakhstan, primarily focusing on management sciences, entrepreneurship, tourism, and liberal humanities. The discussion was hosted by Sholpan Tazabek, vice rector of Almaty Management University.

Lucknow University VC Prof Alok Kumar Rai raised the tricolour aloft amidst the snowy peaks

On the occasion, LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai highlighted the importance of strengthening the world-class business environment and developing strategic plans for education, academia, mobility in tourism and hospitality, and related entrepreneurship in Kazakhstan.

The V-C said that the proposed campus would offer a range of management programmes, including MBA, BBA, and other specialised courses, while also providing better internship opportunities for students.

"The campus will be designed to offer a world-class learning experience, with state-of-the-art infrastructure and facilities. If realised, this initiative will strengthen the academic partnership between the two nations," said the V-C.

He further said that due to the rapid developments in trade, commerce, academia, and related mobility in Central Asia, along with India's growing presence in the region, there is an increased demand for courses in business analytics, international business, tourism and hospitality, energy studies, and cross-cultural communication. Students will also have opportunities for internships exploring India's entrepreneurial landscape in the Central Asian market, he said.

"The establishment of the campus is subject to the necessary approvals and clearances from relevant authorities. Both parties will initiate communication with the govt authorities to secure the necessary logistics, permissions, and support," he added.

THE PIONEER PAGE 3

LU proposes campus in Almaty, Kazakhstan

PNS ■ LUCKNOW

If materialised, this initiative will strengthen the bilateral cooperation between the two nations through academic partnership

A roundtable discussion was held between the delegation of the University of Lucknow, led by Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai, and representatives of Almaty Management University in Almaty, Kazakhstan.

The discussion was hosted by Sholpan Tazabek, Vice Rector of Almaty Management University. Prof Rai discussed a framework for strengthening the world-class business environment and better strategic plans in education, academia, mobility in tourism and hospitality, and related entrepreneurship in Kazakhstan. In this context, he proposed establishing a campus of the University of Lucknow in Almaty, Kazakhstan, primarily for the study of management sciences, entrepreneurship, tourism, and liberal humanities, initially in collaboration with Almaty Management University.

The proposed campus will offer a range of programmes in management sciences, including MBA, BBA, and other specialised courses, and will enhance internship opportunities for students. The campus will be designed to provide a world-class learning experience, with state-of-the-art infrastructure and facilities. If materialised, this initiative will strengthen the bilateral cooperation between the two nations through academic partnership.

"This is a significant milestone for the University of Lucknow, and we are excited to partner with Almaty Management University to establish a campus in Almaty. This initiative will provide students from Kazakhstan and the region with access to high-quality education in management sciences," Prof Rai said.

The establishment of the campus is subject to the necessary approvals and clearances from the relevant authorities. Both parties will begin communication with competent government authorities for the necessary logistics, permissions, and required support.

Meanwhile, the Central Placement Cell (CPC) of the University of Lucknow hosted an interactive meeting with Genpact, a leading multinational business process and IT services company. The session, led by CPC director Prof AK Bhartiya, aimed at strengthening industry-academia collaboration and creating career opportunities for students. The meeting began with a presentation by the student coordinator, introducing the university and the CPC's initiatives. Prof Bhartiya welcomed Ritu Bhatia, global hiring lead, and Rajiv Khatri, India and Asia hiring lead at Genpact. Discussions focused on career growth, training, and placement opportunities, with Genpact highlighting its inclusive hiring approach, encouraging students from all disciplines, including non-professional courses like BA and BSc, to apply.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि कजाकिस्तान में खोलेगा अपना नया परिसर

अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रतिनिधिमंडल के बीच गोलमेज चर्चा में हुआ मंथन

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय कजाकिस्तान में अपना नया परिसर खोलेगा। यह शुरू में अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय के सहयोग से संचालित होगा। इसमें एमबीए, बीबीए सहित अन्य विशेष पाठ्यक्रमों व प्रबंधन विज्ञान में कई कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को बेहतर इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने में भी मदद मिलेगी। यह प्रस्ताव लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अलमाटी, कजाकिस्तान में आयोजित गोल मेज चर्चा में रखा।

गोलमेज चर्चा की मेजबानी अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय कजाकिस्तान की वाइस रेक्टर शोलपन तजाबेक ने की। इसमें लवि प्रतिनिधिमंडल और अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच भारतीय एवं एशियाई शैक्षिक परिदृश्य एवं शिक्षा के माध्यम से एक संयुक्त परिसर स्थापित करने पर विचार विमर्श हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कजाकिस्तान में शिक्षा, पर्यटन और हास्पिटैलिटी मैनेजमेंट में अंतरराष्ट्रीय एवं अंतर परिसर गतिशीलता, संबंधित उद्यमिता में विश्व स्तरीय व्यावसायिक वातावरण, बेहतर रणनीतिक योजनाओं को मजबूत करने के आयामों पर चर्चा की। उन्होंने मुख्य रूप से प्रबंधन विज्ञान, उद्यमिता, पर्यटन और मानविकी के अध्ययन के लिए अलमाटी, कजाकिस्तान में लखनऊ विश्वविद्यालय का एक परिसर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। यह पहल कजाकिस्तान और क्षेत्र के छात्रों को प्रबंधन विज्ञान में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेगी"।

• एमबीए, बीबीए व प्रबंधन विज्ञान में कई कार्यक्रम किए जाएंगे संचालित

• विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को बेहतर इंटर्नशिप का मिलेगा अवसर

अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय कजाकिस्तान में गोलमेज चर्चा में शामिल लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व प्रतिनिधिमंडल • सौजन्य से लवि

विश्व स्तरीय शिक्षा के अनुसार डिजाइन होगा परिसर

प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि कजाकिस्तान परिसर को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के साथ विश्व स्तरीय शिक्षा का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। यह शैक्षणिक साझेदारी के माध्यम से दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगी। बताया कि मध्य एशिया में व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा और संबंधित गतिशीलता में अभूतपूर्व परिदृश्य में भारतीय उद्यमियों की उपस्थिति एवं सकारात्मक हस्तक्षेप के परिप्रेक्ष्य में बिजनेस एनालिटिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन, ऊर्जा अध्ययन और क्रास कल्चरल कम्युनिकेशन के पाठ्यक्रमों की अधिक मांग है। मध्य एशियाई बाजार और कारोबारी माहौल में भारत की उद्यमशीलता की खोज में छात्रों के लिए इंटर्नशिप की संभावनाएं है। दोनों पक्ष आवश्यकताओं, राजकीय अनुमति और आवश्यक समर्थन के लिए सक्षम संवार-संवाद शुरू करेंगे।

25 जनवरी तक जमा होगी मेस फीस

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने हास्टल के छात्र-छात्राओं को मेस फीस जमा करने के लिए 25 जनवरी तक तिथि बढ़ा दी है। अभी तक 15 जनवरी तक का समय दिया गया था। बीते दिनों भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) ने तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा को ज्ञापन सौंपा था। अब तिथि बढ़ा दी गई है। इसके बाद शुल्क जमा करने पर 50 रुपये जुर्माना लगेगा। वीएच प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है।

लवि की क्रिकेट टीम काठमांडु रवाना

नेपाल कप टी-20 क्रिकेट कल से, कुलपति ने दीं शुभकामनाएं

इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी जय नेपाल कप टी 20 क्रिकेट (पुरुष वर्ग) टूर्नामेंट में शामिल होने वाली लवि की टीम • सौजन्य से लवि

जासं, लखनऊ : त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू में 20 जनवरी से शुरू होने वाली इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी जय नेपाल कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट (पुरुष वर्ग) में शामिल होने के लिए शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम रवाना हो गई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना कर अपनी शुभकामनाएं दीं।

लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि पहली बार विश्वविद्यालय की टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में प्रतिभाग कर रही है। लवि की क्रिकेट टीम का चयन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडेय, उबैद कलाम, जावेद, अरुण कुमार और आसिफ ने किया। टीम के खिलाड़ियों को कैंप लगाकर एक महीने तक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में यूएई, बांग्लादेश, भारत, नेपाल और श्रीलंका के विश्वविद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम का पहला मैच दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ 23 जनवरी को होगा। यह प्रतियोगिता 28 जनवरी तक चलेगी। टीम रवाना किए जाने के मौके पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, परिषद के चेयरमैन प्रो. आरबी सिंह, क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष एफ ए अलवी, चीफ प्रावटर प्रो. राकेश द्विवेदी, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कालेज के बीए के छात्र ओमकार सिंह को लवि की ओर से टी-20 नेपाल कप इंटरनेशनल इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयनित किया गया। प्राचार्य डा. सुधाम चंद्र पांडेय ने बताया कि पांच जिलों के कालेजों के क्रिकेट खिलाड़ियों में उत्कृष्ट बैटिंग, बालिंग एवं विकेट कीपिंग के आधार पर छात्र का चयन किया गया। खेल प्रशिक्षक जितेंद्र सिंह एवं छात्र ओमकार सिंह को बधाई दी।

ये हुए टीम में शामिल : कैप्टन आनंद सागर, मदन कांड पाल, आदित्य प्रताप सिंह, अमृत सिंह, अर्जुन राय जाठा, ओमकार सिंह, अंश रावत, सैयद मोहम्मद मेहंदी, आशीष यादव, यशवर्धन सिंह, संजय विश्वकर्मा, अभिषेक सोनी, अभिषेक प्रकाश, सैयद मोहम्मद रिजवी, हर्ष वर्धन प्रताप सिंह, सिद्धार्थ दीक्षित, राहुल दास। टीम मैनेजर डा. अरुण कुमार, टीम के चीफ कोच भो. उबैद कलाम व असिस्टेंट कोच शोएब शामिल हैं।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि की क्रिकेट टीम पहली बार विदेश रवाना

लखनऊ (एसएनबी)। सप्ताह सदस्यीय लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम टूर्नामेंट खेलने के लिए नेपाल रवाना हुई है। काठमांडू में 20 जनवरी से होने वाले टी-20 जय नेपाल कप के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, क्रीड़ा परिषद महासचिव अजय कुमार आर्य ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। परांजपे पवेलियन मैदान में कुलपति ने क्रिकेट टीम को भारत और एलयू क्रीड़ा परिषद का झंडा देकर रवाना किया। महासचिव अजय आर्य ने बताया कि लविवि की टीम पहली बार कोई इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलेगी। टूर्नामेंट में भारत, नेपाल, बांग्लादेश और यूनाइटेड अरब अमीरात के कई विवि की क्रिकेट टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। क्रिकेट की 17 सदस्यीय टीम के साथ मुख्य कोच उबैद कमाल, सहायक कोच शोएब कमाल और मैनेजर डा. अरुण कुमार हैं। टीम के कप्तान आनन्द सागर हैं। क्रीड़ा परिषद के चेयरमैन डा. आर.बी. सिंह मून, प्रति कुलपति प्रो.मनुका खन्ना, प्रो. राकेश द्विवेदी समेत छात्र-छात्राएं व शिक्षक उपस्थित रहे।

कजाकिस्तान में भी अपना परिसर खोलेगा लविवि

लखनऊ। कजाकिस्तान से एक सप्ताह की विदेश यात्रा करके लौटे लविवि के कुलपति ने दावा किया है कि लविवि कजाकिस्तान में भी परिसर खोलेगा। विवि का यह संयुक्त परिसर अलमाटी प्रबंधन विवि के सहयोग से स्थापित करने की बात चल रही है। शनिवार को विवि की शिक्षिका केया पांडे, गीतांजलि मित्रा, अवधेश त्रिपाठी और आर.पी. सिंह समेत आधा दर्जन शिक्षकों के साथ विदेश दौरे से लौटने के बाद इसकी जानकारी दी। कुलपति ने बताया कि कजाकिस्तान में प्रस्तावित परिसर में एमबीए, बीबीए और अन्य विशेष पाठ्यक्रमों सहित प्रबंधन विज्ञान में कई कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

HT PAGE 3

LU eyes Kazakhstan for 1st offshore campus

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW : Lucknow University (LU) is poised to become the first state university in Uttar Pradesh to expand globally with the establishment of an offshore campus in Almaty, Kazakhstan. Led by LU vice chancellor Prof Alok Kumar Rai, the initiative aims to foster academic collaboration in fields such as management sciences, entrepreneurship, tourism, and liberal humanities.

The proposal emerged during Prof Rai's recent visit to Tajikistan, a neighbouring country of Kazakhstan, where he, along with a university delegation, held discussions with Almaty Management University authorities. "The offshore campus in Kazakhstan presents a strategic move for LU to spread its roots internationally," Prof Rai told Hindustan Times. "Indian citizens are involved in all sectors of life in Kazakhstan, and many educational institutions run by Indian citizens are already operational there. The Kazakhstan government is also providing clear standard operating procedures for investments in education," he added.

LU is currently awaiting necessary clearances and logistical support from government authorities. FILE

The planned campus will feature state-of-the-art infrastructure and offer specialised programs such as MBA, BBA, and other professional courses. These programs aim to create valuable internship opportunities and enhance career prospects for students.

"The initiative will not only offer world-class education but also strengthen academic ties between India and Kazakhstan," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

Prof Rai also highlighted the potential of the new campus in promoting internationalisation in education, a key focus of the Indian government's New Education Policy (NEP). "Kazakhstan is an important region for the internationalisation of education. While we have students from Tajikistan, we currently do not have any from Kazakhstan. This move will open doors to a key market and bolster our position as an international institution," he noted. LU is currently awaiting necessary clearances and logistical support from government authorities. "We are in constant communication with the relevant agencies to obtain the required approvals. This project holds immense potential for academic growth and fostering international relationships," Prof Rai added.

UP State Chapter, PHDCCI:

LU cricket team in Nepal

LUCKNOW : Lucknow University's cricket team has left for Kathmandu to participate in T20 Jai Nepal Cup to be held at Tribhuvan University. Various university cricket teams from India, Nepal, Bangladesh and United Arab Emirates are participating in the tournament. General secretary of Sports Council Prof. Ajay Kumar Arya said for the first time in the history of Lucknow University, its team will play an international tournament.

घोंघे के खून से बना नैनोजेल रोकेगा बैक्टीरिया

अखिल खरसेन्ना, जागरण

लखनऊ : घोंघे के खून से बना नैनोजेल भी बैक्टीरिया रोकने में मददगार बनेगा। साथ ही घाव आदि पर लगाने में भी एंटी आक्सीडेंट के रूप में कार्य करेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम सिराजुद्दीन के नेतृत्व में शोधार्थी संगीता कुमारी की ओर से दो साल तक किए गए शोध में यह निष्कर्ष निकला है। इस नैनोजेल का प्रयोग बार विशेष प्रकार के बैक्टीरिया पर किया, जिसके परिणाम काफी सकारात्मक रहे। विभाग ने इस शोध को पेटेंट कराने के लिए भी भेज दिया है।

शोधार्थी संगीता कुमारी ने बताया कि इस शोध के लिए घोंघे से खून लेकर उसमें से 0.152 माइक्रोग्राम प्राकृतिक ग्लूटामिक एसिड निकाला। उसके बाद बैक्टेरियल फर्मेंटेशन के माध्यम से पालीग्लूटामिक एसिड तैयार किया। फिर नींबू, संतरे के छिल्के से निकाले गए पैक्टिन से ग्राफ्ट करके नैनोजेल बनाया गया है। इस जेल में पैक्टिन के साथ केमिकल एक्रिलामाइड भी शामिल किया गया। शोध में एंटीबैक्टीरियल और एंटीआक्सिडेंट परीक्षणों में इसके प्रभावी निष्कर्ष सामने आए हैं। इस शोध में स्यूडोमोनास एरुगिनोसा, स्टैफिलोकोकस आरियस, स्ट्रेप्टोकोकस म्यूटेंस बैक्टीरिया का प्रयोग किया गया है। शोध में एंटीबैक्टीरियल और एंटीआक्सिडेंट परीक्षणों में इसके प्रभावी निष्कर्ष सामने आए हैं।

कैंसर सेल लाइन पर प्रभाव

सिस प्लैटिन के साथ मिश्रण बनाकर कैंसर सेल लाइन पर प्रभाव देखा। अभी इस पर आगे का शोध जारी है।

शोधार्थी ने घोंघे के खून से ग्लूटामिक एसिड निकाल कर शोध विधि के जरिये नैनोजेल तैयार किया है। यह बैक्टीरिया की ग्रोथ को रोकने में मददगार होगा। साथ ही एंटी आक्सीडेंट के रूप में घाव को भी ठीक करने का काम करेगा। खास बात ये है कि इसकी लागत काफी कम होगी। इस शोध विधि को पेटेंट के लिए भेज दिया गया है।

प्रो. एम सिराजुद्दीन, विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की शोधार्थी ने किया शोध, विभाग ने पेटेंट के लिए भी किया आवेदन

इन बैक्टीरिया पर किया शोध

शोध में विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया पर किए गए जीवाणुरोधी परीक्षणों में देखा गया कि नैनोजेल ने स्यूडोमोनास एरुगिनोसा, स्टैफिलोकोकस आरियस, ई-कोलाइ और स्ट्रेप्टोकोकस म्यूटेंस बैक्टीरिया पर किया गया। एटी बैक्टीरियल ड्रग एजिथोमाइसिन में अनुकूल अवरोध क्षेत्र प्रदर्शित किया। विशेष रूप से स्यूडोमोनास एरुगिनोसा और स्टैफिलोकोकस आरियस के खिलाफ बेहतर परिणाम रहे। शोध में एंटी बैक्टीरियल ड्रग एजिथोमाइसिन का प्रयोग किया गया।

लवि के जंतु विज्ञान विभाग की लैब में शोध करतीं शोधार्थी संगीता कुमारी • सौजन्य से विभाग

LOKSATYA PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय के कजाकिस्तान में परिसर विस्तार पर मंथन

बैठक

- एलयू और अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों के बीच हुई चर्चा
- संयुक्त परिसर स्थापित करने तक द्विपक्षीय विचार विमर्श

लखनऊ, लोकसत्य। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल और अलमाटी, कजाकिस्तान में अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के बीच भारतीय एवं एशियाई शैक्षिक परिदृश, एवं शिक्षा के द्वारा सुदृढ़ राजनय बनाने से लेकर एक संयुक्त परिसर स्थापित करने तक द्विपक्षीय विचार विमर्शों एवं मंथन हुआ ।गोलमेज चर्चा की मेजबानी अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय ताजिकिस्तान की वाइस रेक्टर शोलपन तजाबेक ने की। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कजाकिस्तान में शिक्षा, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट में अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर परिसर गतिशीलता और संबंधित उद्यमिता में विश्व स्तरीय व्यावसायिक वातावरण और बेहतर रणनीतिक योजनाओं को मजबूत करने के आयामों पर चर्चा हुई। इस संदर्भ में उन्होंने मुख्य रूप से प्रबंधन विज्ञान, उद्यमिता, पर्यटन और मानविकी के अध्ययन के लिए अलमाटी, कजाकिस्तान में लखनऊ विश्वविद्यालय का एक परिसर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा, जो शुरू में अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय के सहयोग से संचालित होगा ।प्रो आलोक कुमार राय ने बताया , प्रस्तावित परिसर में एमबीए, बीबीए और अन्य विशेष पाठ्यक्रमों सहित प्रबंधन विज्ञान में कई कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे ,साथ ही दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को बेहतर इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने में मदद मिलेगी। परिसर को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के साथ विश्व स्तरीय शिक्षा का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। विश्वविद्यालय। यदि यह पहल साकार होती है, तो यह शैक्षणिक साझेदारी के माध्यम से दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगी। मध्य एशिया में व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा और संबंधित गतिशीलता में अभूतपूर्व परिदृश्य में भारतीय उद्यमियों की उपस्थिति एवं सकारात्मक हस्तक्षेप के परिप्रेक्ष्य में बिजनेस एनालिटिक्स, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन और आतिथ्य, ऊर्जा अध्ययन और क्रॉस कल्चरल कम्युनिकेशन के पाठ्यक्रमों की अधिक मांग है।मध्य एशियाई बाजार और कारोबारी माहौल में भारत की उद्यमशीलता की खोज में छात्रों के लिए इंटर्नशिप की संभावनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹यह लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और हम अल्माटी में एक परिसर स्थापित करने के लिए अल्माटी प्रबंधन विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। यह पहल कजाकिस्तान और क्षेत्र के छात्रों को प्रबंधन विज्ञान में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच प्रदान करेगी₹ ।

परिसर की स्थापना दोनों देशों और संस्थाओं के सक्षम अधिकरण से आवश्यक अनुमोदन और मंजूरी के अधीन है। दोनों पक्ष तत्संबंधी आवश्यकताओं , राजकीय अनुमति और आवश्यक समर्थन के लिए सक्षम प्राधिकार के साथ संचार - संवाद शुरू करेंगे। कजाकिस्तान की प्रतिनिधि शोलपन तजाबेक ने वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने और शिक्षा और अनुसंधान में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अल्माटी प्रबंधन विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, और संस्थान निर्माण के प्रति लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर अपना उत्साह दिखाया।

लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम नेपाल रवाना

टूर्नामेंट

- पहली बार कोई इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलने के लिए विदेश रवाना हुई
- त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू नेपाल के मुख्य ग्राउंड पर होगा मुकाबला

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम, विश्विद्यालय के इतिहास में पहली बार कोई इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलने के लिए विदेश रवाना हुई है। यह क्रिकेट टूर्नामेंट (टी-20 जय नेपाल कप) त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू, नेपाल में 20 से 28 जनवरी तक आयोजित होगा। टूर्नामेंट में भारत, नेपाल, बांग्लादेश और यूनाइटेड अरब अमीरात की विभिन्न विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार कोई टीम इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलेगी। विश्विद्यालय टीम को रवाना करने के लिए भारी संख्या में छात्र-छात्राएं एवम शिक्षक उपस्थित रहे। जिनमे क्रमशः क्रीड़ा परिषद के चेयरमैन डॉ. आर. बी. सिंह , क्रिकेट प्रेसिडेंट डॉ. एस. ए. अल्वी, प्रो. मनुका खन्ना प्रति कुलपति, प्रो. राकेश द्विवेदी, आदि उपस्थित रहे। क्रिकेट की 17 सदस्यीय टीम के साथ मुख्य कोच उबैद कमाल एवं सहायक कोच शोएब कमाल तथा मैनेजर डॉ अरुण कुमार हैं। टीम के कप्तान आनन्द सागर है । माननीय कुलपति जी ने क्रिकेट टीम को भारत का झंडा रवाना किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद के मार्शल प्रोफेसर राकेश द्विवेदी ने माननीय कुलपति आलोक राय जी को लखनऊ विश्वविद्यालय के कीड़ा परिषद की कैप भेंट करके उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय अपना पहला मैच दिल्ली विश्वविद्यालय से 23 जनवरी 2025 को खेलेगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 28 जनवरी 2025 को त्रिभुवन यूनिवर्सिटी काठमांडू नेपाल के मुख्य ग्राउंड पर होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम के चयन करने में इंटरनेशनल क्रिकेट खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडे, मोहम्मद उबेद कमल, जावेद एवं अरुण कुमार तथा आसिफ ने अपनी भूमिका निभाई। 17 सदस्य दल खिलाड़ियों में आनंद सागर कैप्टन, मनोज कांडपाल, आदित्य प्रताप सिंह, अमृत सिंह ,अर्जुन रायज्यादा, ओंकार सिंह ,अंश रावत, सैयद मोहम्मद मेहंदी, आशीष यादव, अभिषेक सोनी, यशवर्धन सिंह अभिषेक प्रकाश, सैयद मोहम्मद रिजवी, हर्षवर्धन प्रताप सिंह, सिद्धार्थ दीक्षित एवं राहुल दास शामिल हैं।

वेबिनार में लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 21 वर्ष पर सहमति बनी

आयोजन

- विवाह की आयु और महिला अधिकारों की दुविधा शीर्षक वेबिनार हुआ
- एलयू के विधि संकाय के संकायाध्य प्रो. बंशी धर सिंह के संयोजन में हुआ आयोजन

लखनऊ, लोकसत्य। हाल ही में बाल विवाह निषेध अधिनियम (2006) में संशोधन किया गया है, जिसमें महिलाओं की विवाह की कानूनी आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष की गई है। यह निर्णय पूर्व समता पार्टी प्रमुख जया जेटली के नेतृत्व वाली चार सदस्यीय टास्क फोर्स की सिफारिश पर आधारित है। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म गूगल मीट के माध्यम से महिलाओं के लिए कानूनी विवाह की आयु 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष करने के मुद्दे को उठाने के लिए ₹विवाह की आयु और महिला अधिकारों की दुविधा₹ शीर्षक वेबिनार हुआ। सत्र में कानूनी, सामाजिक और सांस्कृतिक सुधारों के प्रभावों पर चर्चा की गई, जिसमें महिलाओं के अधिकारों, सामाजिक मानदंडों और इसके कार्यान्वयन से जुड़ी चुनौतियों पर इसके प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया गया। वेबिनार की शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर निदेशक प्रो. आरके. सिंह ने प्रमुख और डीन प्रो. बंशीधर सिंह ने मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना, प्रो. मो. असद मालिक, जामिया मीलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, लखनऊ उच्चन्यालय के अधिवक्ता सूर्य मनी रायकवार, प्रो. किरण गुप्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. रंगास्वामी डी., कर्नाटक राज्य विधि विश्वविद्यालय, डॉ. ऋचा सक्सेना, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों और सत्र के प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. राकेश ने कहा कि सत्र का उद्देश्य महिलाओं की शादी की उम्र में वृद्धि की प्रासंगिकता की पहचान करना है जो जया जेटली आयोग की सिफारिश पर किया गया था। उन्होंने यह भी विस्तार से बताया कि कैसे पुराने रीति-रिवाजों और पौराणिक कथाओं ने शादी की उम्र को प्रभावित किया है। विधि संकाय के संकायाध्य प्रो. (डॉ) बंशी धर सिंह ने मुख्य अतिथि और सत्र के प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस सत्र का उद्देश्य महिलाओं की विवाह आयु में वृद्धि के विषय पर भारत भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से एकत्रित विभिन्न प्रोफेसरों की राय पर चर्चा करना था।

अर्थशास्त्र के दो छात्रों को मिला शोध अनुदान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के दो छात्रों को शोध अनुदान मिला है। इनमें भारतीय सामाजिक विज्ञान अ